All India Media Association
(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

# बड़े ब्रांड की बोतलों में नकली शराब बेचने वाले गिरफ्तारः आबकारी पुलिस ने दबोचे दो आरोपी, 50 लीटर स्पिरिट और 3200 सील बंद ढक्कन जब्त

बड़े ब्रांड की बोतलों में नकली शराब बेचने वाले गिरफ्तारः आबकारी पुलिस ने दबोचे दो आरोपी, 50 लीटर स्पिरिट और 3200 सील बंद ढक्कन जब्त सेवन से आंखों की रोशनी तक जा सकती है

अलवर की आबकारी पुलिस ने रविवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाने के गोरखधंधे का खुलासा किया है। पुलिस ने भिवाड़ी से अलवर की ओर आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर उसमें सवार दो आरोपियों - राहुल और अवनेश - को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 50 लीटर स्पिरिट और करीब 3,200 सील बंद ढक्कन (Royal Stage व McDowell ब्रांड के) बरामद किए हैं।आबकारी अधिकारी दिगम्बर सिंह ने बताया कि आरोपी सस्ते स्पिरिट से नकली शराब तैयार कर उसे मशहूर ब्रांड की बोतलों में भरकर सील बंद करते थे और बाद में बाजार में महंगे दामों पर सप्लाई करते थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की नकली शराब का सेवन बेहद खतरनाक हो सकता है इससे आंखों की रोशनी प्रभावित होना, फेफड़ों को नुकसान पहुंचना और यहां तक कि मौत का भी खतरा रहता है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की लोकेशन पिछले तीन दिनों से ट्रैक की जा रही थी और जैसे ही वे अलवर पहुंचे, उन्हें दबोच लिया गया। जप्त किए गए माल और वाहन को सबूत के रूप में जब्त कर लिया गया है।

Source:
https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?nid=528411&state=Rajasthan%20(RJ)&title=%E0%A4%AC%E0%A4%A1%E0%A4%BC%E0%A5%87%20%E0%A4%AC%E0%A5%8D